पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

टी0बी0 रोग के निवारण के लिये एक रोडमैप बनाकर कार्य योजना तैयार की जाये --राज्यपाल

लखनऊ: 02 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक की अध्यक्षता में आज राजभवन में उत्तर प्रदेश टी0बी0 एसोसिएशन, लखनऊ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर, एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री आर0सी0 त्रिपाठी (अवकाश प्राप्त आई.ए.एस.), डा0 अशोक बाजपेई व अन्य सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल उत्तर प्रदेश टी0बी0 एसोसिएशन के पदेन सभापति होते हैं।

राज्यपाल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि टी0बी0 रोग से ग्रसित मरीजों को सरकारी योजना के तहत उचित इलाज का लाभ मिले। टी0बी0 रोग को ठीक करने के लिये पूरा कोर्स करना जरूरी है। टी0बी0 का रोग गन्दगी से भी हो सकता है इसलिये मलिन बस्ती में रहने वाले लोगों के बीच सफाई के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को सीमित न रखकर आरोग्य से जोड़े जाने की जरूरत है।

श्री नाईक ने कहा कि टी0बी0 रोग के निवारण के लिये एक रोडमैप बनाकर कार्य योजना तैयार की जाये। उन्होंने कहा कि संस्था को सक्रिय बनाने के लिये चिकित्सकों एवं युवाओं को जोड़े जाने की आवश्यकता है। क्षेत्र का सर्वे करके कुछ मलिन बस्तियों को अंगीकृत किया जाये और रोग के निवारण के लिये युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाये। उन्होंने नियमित रूप से बैठक आयोजित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में उत्तर प्रदेश टी0बी0 एसोसिएशन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई तथा छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में शहीद जवानों व एसोसिएशन के दिवंगत सदस्यों को दो मिनट मौन धारण करके श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।